भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2102
15 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए

सेना में रिक्त पद

2102. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार सेना में अधिकारियों, कनिष्ठ कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) इत्यादि के कितने पद रिक्त हैं ;
(ख) चालू वर्ष में शार्ट सर्विस कमीशन भर्ती के माध्यम से कुल कितनी भर्तियां करने की योजना है; और
(ग) मार्च, 2021 के अनुसार सेना, नौसेना और वायु सेना में महिलाओं के प्रतिशत का अलग-अलग ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क): सैन्य कार्मिक (प्राधिकृत और धारित संख्याबल) का विवरण इस प्रकार हैः-

क्र.सं.	**वर्ग**	**प्राधिकृत किया गया (31.03.2020 के अनुसार)**	**धारित (01.07.2020 तक)**
1	अधिकारी(एएमसी/ एडीसी को छोड़कर)*	50806	42959
2	अधिकारी (एएमसी/एडीसी)	5736	6608
3	नर्सिंग ऑफिसर	4389$	3841
4	जेसीओ/ओआर	1229559@	1151726^

* *एएमसी-आर्मी मेडिकल कापर्स*

एडीसी- आर्मी डेंटल कापर्स

$ 01.01.2021के अनुसार प्राधिकृत नर्सिंग अधिकारियों की स्थिति

@जेसीओ/ओआर में फुटनोट्स सहित (17000) व फर्स्ट लाइन रिइनफोर्समेंट (14000).

^ 1516एपीएस(गैर नियमित) जेसीओ/ओआर सहित

(ख): अल्प सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती के जरिये चालू वर्ष के लिए नियोजित कुल भर्ती का विवरण इस प्रकार हैः-

i. सेना : 880

ii. नौसेना : 371

iii. वायुसेना : 281

(ग): मार्च, 2021 तक सेना, नौसेना और वायुसेना अलग-अलग में महिलाओं के कुल प्रतिशत का विवरण इस प्रकार हैः-

i. सेना : 0.57

ii. नौसेना : 6.96*

iii. वायुसेना : 13.26** (मेडिकल और डेंटल शाखा में महिला अधिकारियों को छोड़कर)

*केवल भारतीय नौसेना के अधिकारी काडर शामिल है

** भारतीय वायुसेना में केवल अधिकारी काडर में महिलाओं की भर्ती होती है।

****